तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 अधिग्रहण को लेकर किसानों का आक्रोश, सर्किल रेट में...



13 मनमाफिक जगह नहीं मिली तो 45% शिक्षकों ने...



## बेमेतरा में महाशिवरात्रि पर आज रहेगी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह की धूम

### शिवालयों में विशेष अनुष्ठान और कई स्थानों पर निकलेगी शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

देवों के देव महादेव की आराधना का पावन पर्व महाशिवरात्रि को लेकर बेमेतरा जिले में श्रद्धा, आस्था और उत्साह चरम पर है। जिले के बेमेतरा शहर, नवागढ़, बेरला, साजा, थान खम्हारिया, दाढ़ी, मारो, नांदघाट, देवकर, देवरबीजा सहित समूचे ग्रामीण अंचल के शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप एवं रात्रि जागरण के भव्य आयोजन होंगे। कई नगरों और कस्बों में भगवान शिव की पारंपरिक बारात भी निकाली जाएगी, जिसे लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के प्रमुख शिव मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा, फूल-मालाओं, रंग-बिरंगी रोशनी और धार्मिक झांकियों से भव्य रूप दिया गया है। मंदिर परिसरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। पूरे जिले में 'ॐ नमः शिवाय' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।



#### निकलेगी भगवान शिव की भव्य बारात

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के कई शहरों और कस्बों में भगवान शिव की भव्य बारात निकाली जाएगी। पारंपरिक वेशभूषा में शिव-पार्वती, नंदी और शिवगणों की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ढोल-नगाड़ों, डीजे, शंखध्वनि और भक्ति गीतों के साथ निकाली जाने वाली शिव बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। बारात मार्गों पर स्वागत मंच बनाए जा रहे हैं, जहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन समितियों द्वारा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर विशेष तैयारी की गई है।

**ब्रह्म मुहूर्त से शुरू होगा जलाभिषेक-** महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचेंगे। शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से अभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा और फल-फूल अर्पित किए जाएंगे। कई मंदिरों में विद्वान पंडितों द्वारा रुद्राभिषेक, शिव चालीसा पाठ एवं महामृत्युंजय मंत्र जाप कराया ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### निक्षय मित्र कार्यक्रम टीवी के खिलाफ कारगर

**साजा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विकास खंड साजा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत सेक्टर साजा के कर्मचारीयों द्वारा एक सराहनीय और मानवीय पहल की जा रही हैं। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वा.अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के आदेशनुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अश्वनी कुमार वर्मा के नेतृत्व में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी टीबी मरीजों को निक्षय मित्र के रूप में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

इस पहल के अंतर्गत टीबी मरीजों को नियमित जांच और उपचार के साथ-साथ पोषणयुक्त खाद्य सामाग्री भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। दवाई के साथ पोषण आहार मिलने से मरीजों के स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार होता हैं। कार्यक्रम में निलेश देवांगन, प्रभारी सेक्टर अधिकारी, खिलानंद साहू सुपरवाईजर, विमला निर्मल आरएचओ, कविता ध्रुव आरएचओ, नेतराम कन्नौजे आरएचओ, केतन साहू आरएचओ, सूरज साहू आरएचओ, सतीश कुमार आरएचओ, रामेश्वरी साहू एमटी, गायत्री साहू एमटी, जगन्नौ कन्नौजे एमटी, सीता लोधी एमटी उपस्थित थे।

### तालाब गहरीकरण कार्य से ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार



**बेमेतरा/बेरला।** ग्राम अछोली में "जी राम जी" कार्यशाला के तहत रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत तालाब गहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। योजना के माध्यम से ग्राम के मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। गांव के विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कार्यस्थल पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में योजना के उद्देश्य और क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि श्रवण कुमार गेंड्रे, भाजयुमो युवा मोर्चा जिला प्रभारी प्रचार-प्रसार लोमेश कुमार सेन, उपसरपंच पूजा शीतलेश तिवारी, रोजगार सहायक सत्यनारायण टंडन, रोजगार गारंटी कर्मचारी रामायण साहू, सूर्यप्रकाश यादव, चुनेश्वर साहू, लोकेश कुमार साहू, पुरुषोत्तम बांधे, पंचगण कुमारी साहू, उत्तम निषाद, स्वरसती यादव सहित ग्रामवासी दीनू निषाद, थानेश्वर निषाद, प्रीतम साहू, राजेंद्र निषाद, वीरेंद्र समेत बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा मोर्चा बेमेतरा के लोमेश कुमार सेन ने कहा कि जी राम जी योजना का उद्देश्य केवल मजदूरी प्रदान करना नहीं, बल्कि गांव को रोजगारयुक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। गांव के विकास की योजनाएं अब पंचायत भवन तक सीमित न रहकर सीधे ग्राम सभा के माध्यम से तय की जाएंगी।

### कांग्रेस भवन में मनी पं. श्यामाचरण की पुण्यतिथि



बेमेतरा। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय पंडित श्यामा चरण शुक्ल की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके ▶▶ शेष पेज 12 पर

### बैठक : भाजपा की संगठनात्मक बैठक में 2047 के लक्ष्य पर जोर

## विकसित भारत के लिए पंचायत से लोकसभा तक जीत जरूरी : जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा के बाद आयोजित जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन, राष्ट्रवाद और संगठन सुदृढ़ीकरण का संदेश दिया। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण के लिए पंचायत से लेकर संसद तक हर चुनाव में जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया। श्री जामवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है, संगठन द्वितीय और स्वयं तृतीय स्थान पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामूहिक सहयोग और समन्वय की भावना के साथ आमजन की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की तुलना एक डॉक्टर से करते हुए कहा कि जिस प्रकार चिकित्सक मरीज की समस्या सुनकर उसका उपचार करता है, उसी प्रकार कार्यकर्ता को भी जनता की समस्याओं को समझकर समाधान करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संयमित भाषा के प्रयोग और संगठन की गरिमा बनाए रखने की सीख भी दी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजय साहू ने बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों, मतदान केंद्रों और संगठन की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी तथा जिले के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का परिचय क्षेत्रीय संगठन महामंत्री से कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश ठाकुर और पोषण वर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष अंजय बघेल ने किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अजय जामवाल द्वारा दिए गए संगठन निर्माण के संदेशों का पालन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया।

■ कार्यकर्ताओं को अनुशासन, राष्ट्रवाद और संगठन सुदृढ़ीकरण का दिया संदेश




#### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, जिला प्रभारी हर्षिता पांडे, प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक, महेश साहू, राजेश चोरड़िया, हर्षवर्धन तिवारी, मोंटी साहू, जिला मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी, प्रज्ञा निर्वाणी, निशा चौबे, नीतू कोठारी सहित जिले के 13 मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री और मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गांजा बेचते एक गिरफ्तार 1.766 किलो मादक पदार्थ किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

साइबर सेल और थाना नवागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की अवैध बिक्री में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 766 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 22 हजार 700 रुपये बताई जा रही है, जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि नवागढ़ के तिलकापारा निवासी खेलूदास दिवाकर अपने घर के सामने गांजा की पुड़िया बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए साइबर सेल और नवागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को गांजा से भरे थैले के साथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान खेलूदास दिवाकर (46 वर्ष), पिता स्व. साबंल दास दिवाकर, निवासी वार्ड क्रमांक 08 तिलकापारा, नवागढ़ के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश है कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी नवागढ़ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक योगेश यादव सहित साइबर सेल एवं थाना नवागढ़ के अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

■ साइबर सेल व नवागढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## मध्यान्ह भोजन रसोइयों की सात दिवसीय हड़ताल से स्कूलों में व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कलेक्टर दर पर शीघ्र मानदेय भुगतान एवं मध्यान्ह भोजन कर्मचारियों के मानदेय में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ ने 11 से 17 फरवरी तक सात दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के पहले दिन ही कई सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रभावित रही, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन के बैनर तले आंदोलन कर रही रसोइया एवं सहायिकाओं ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के एवज में उन्हें मात्र 2 हजार रुपये मानदेय दिया जाता है, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से चुनावी वादों को पूरा करते हुए मानदेय में वृद्धि करने की मांग की है। संघ द्वारा रखी गई मांगों में पंजाब सरकार की तर्ज पर रसोइया एवं सहायिकाओं को 12 माह का मानदेय देने, 60 वर्ष की आयु के बाद 2 लाख रुपये सम्मान राशि प्रदान करने, सभी कर्मचारियों को वर्ष में दो जोड़ी वर्दी देने, स्कूलों में व्यवस्थित रसोईघर, स्वच्छ पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा कार्य के दौरान घायल होने पर 50 हजार रुपये तथा मृत्यु होने की स्थिति में 5 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग भी शामिल है।

**बजट सत्र से जताई उम्मीद-** मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ ने बताया कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के रसोइयों व सहायिकाओं के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि का वादा किया गया था, जिस पर अब तक अमल नहीं हुआ है। संघ ने आगामी 23 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में मानदेय वृद्धि एवं कलेक्टर दर लागू करने की घोषणा की उम्मीद जताई है। सात दिवसीय हड़ताल के माध्यम से सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया जा रहा है।

#### महिला समूहों ने संभाली भोजन व्यवस्था

हड़ताल के चलते कई स्कूलों में रसोइयों के नहीं पहुंचने से मध्यान्ह भोजन व्यवस्था बाधित रही। कुछ स्थानों पर महिला स्व-सहायता समूहों ने भोजन तैयार किया, वहीं कई स्कूलों में शिक्षकों को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी पड़ी। हड़ताल का असर विद्यार्थियों पर भी देखने को मिला।

## भूईयां पोर्टल पर 15 दिन बनाम 90 दिन की समय-सीमा से भ्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया/बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में डिजिटल ई-गवर्नेंस और राजस्व सेवाओं के सरलीकरण के सरकारी दावों के बीच भूईयां पोर्टल पर भूमि उपयोग परिवर्तन (डायवर्सन) की प्रक्रिया को लेकर आम नागरिकों में भ्रम की स्थिति बन गई है। एक ओर सरकार द्वारा "ऑटो-डायवर्ज़न" प्रणाली लागू कर 15 दिनों के भीतर निर्णय अनिवार्य होने की घोषणा की गई है, वहीं विभागीय भूईयां पोर्टल पर अब भी डायवर्सन की समय-सीमा 90 दिन दर्शाई जा रही है। इससे लोगों में संशय और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

प्रदेश सरकार ने नई व्यवस्था को सुशासन, पारदर्शिता और डिजिटल क्रांति की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया था। घोषणा के अनुसार यदि निर्धारित 15 दिनों में अधिकारी आदेश जारी नहीं करते हैं तो 16वें दिन प्रमाणपत्र स्वतः जारी होने का प्रावधान बताया गया। लेकिन जमीनी स्तर पर पोर्टल अपडेट नहीं होने से इस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

**ऑनलाइन आवेदन नहीं, ऑफलाइन प्रक्रिया भी बंद-** बेमेतरा जिले के चारों राजस्व अनुविभाग साजा, बेमेतरा, नवागढ़ और बेरला में भूमि डायवर्सन के सैकड़ों आवेदन लंबित बताए जा रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि भूईयां पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रभावित है, वहीं एसडीएम कार्यालयों में मैन्युअल आवेदन भी स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। इससे व्यावसायिक, औद्योगिक और आवासीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**पहले से लंबित रही प्रक्रिया, अब नई उलझन-** जिले में भूमि डायवर्सन ▶▶ शेष पेज 12 पर



■ डायवर्सन आवेदन अटके, बेमेतरा में नागरिक परेशान

### पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

## अपराध नियंत्रण व विजिबल पुलिसिंग पर डीआईजी ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में जिले के राजपत्रित अधिकारियों तथा थाना एवं चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीआईजी ने शाम के समय चौक-चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विजिबल पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए पैदल एवं वाहन पेट्रोलिंग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों, होटल-ढाबों, पार्कों और सुनसान स्थानों पर नशा करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं तथा अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। साथ ही वर्ष 2024 से पूर्व के लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान और शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के मामलों को प्राथमिकता से निपटाने तथा पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। गुम बालक-बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। डीआईजी ने समयबद्ध मामलों में 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने कहा। तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करने तथा नए लागू तीन आपराधिक कानून—भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियमके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

#### सड़क दुर्घटनाओं पर लगाएं रोकथाम

डीआईजी ने रात्रि गश्त, कॉम्बिंग ऑपरेशन, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्मार्ट एवं हाईटेक पुलिसिंग को बढ़ावा देने, ई-साक्ष्य, ई-चालान, ई-समंस, सीसीटीएनएस तथा अन्य डिजिटल पोर्टलों के प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा की गई।



बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशिकला उईके सहित जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज का पारिवारिक मिलन

**दुर्ग।** ठेठवार यादव समाज दुर्ग राज की बैठक व पारिवारिक मिलन समारोह चंदखुरी के हनोदा रोड मिनी स्टेडियम में हुआ। इस अवसर पर 70 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। आयोजन मे राज अध्यक्ष राजकुमार यादव व दुर्ग राज के पदाधिकारियों द्वारा यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पुजा अर्चना कर शुरवात की गई। जिसमे दुर्ग राज के ग्राम चंदखुरी व 112 गांव के स्वजातीय जन शामिल हुए। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता ठेठवार यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव जिला सहकारी केंद्रिय बैंक के उपाध्यक्ष नरेन्द्र यदु, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव व वर्तमान सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव सहित ठेठवार यादव समाज के सामाजिक जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच पार्षद व पंचों व पारिवारिक मिलन समारोह में उत्कृष्ट कार्य किये सामाजिक जनों का सम्मान किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### जगदीश चंद्र उजाला के निधन के बाद किया नेत्र दान



**दुर्ग।** संतराबाड़ी निवासी जगदीशचंद्र उजाला के निधन के पश्चात उनकी पत्नी राम कुंवर उजाला, पुत्र रुपेश उजाला, खेमचंद उजाला एवं बहू सपना व गायत्री की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। जगदीश चंद्र उजाला के निधन का समाचार मिलते ही संस्था के राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, राजेश पारख, मंगल अग्रवाल मध्य रात्रि उजाला भवन पहुंचे व नेत्रदान की व्यवस्था की। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बचकर, डॉ लीजन व नेत्र प्रभारी विवेक कसार बंसल निवास से कॉर्निया कलेक्ट किए।

# ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति, 2.67 करोड़ में बनेगी फोरलेन सड़क

## शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन, 4 अन्य जगहों पर भी बनेगी चौड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

धमधा नाका अंडरब्रिज से आईएमए चौक होते हुए अग्रसेन चौक तक करीब 480 मीटर तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। शुक्रवार को शिक्षामंत्री और स्थानीय विधायक गजेंद्र यादव ने इस कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही अग्रसेन चौक पर स्थित महात्मा गांधी मार्केट में दो डोमशेड निर्माण को भी मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही 4 अन्य जगहों में महाराजा चौक से बोरसी, मालवीय नगर चौक से जेल तिराहा होते हुए मिनी माता चौक, उतई टेम्पो स्टैंड से पोटिया सहित एक अन्य चौड़ी सड़क मिलेगी।

### सुशासन की सरकार, दुर्ग में खुले विकास के द्वार

गजेंद्र यादव ने कहा कि चुनाव के दौरान दुर्गवासियों से किए गए विकास के वादों को पूर्ण करने की दिशा में ठोस पहल है। उन्होंने आगे कहा कि सुशासन की सरकार में दुर्ग का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना एवं यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार योजनाबद्ध कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार शहर के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। भूमिपूजन में उपस्थित क्षेत्र के व्यापारियों ने बाजे गाजे के साथ मंत्री गजेन्द्र यादव का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए फोरलेन सड़क की मांग सालों से की जा रही थी, जिसे लेकर दिखाई गई।



### अग्रसेन चौक में दो जगहों पर बनेगा डोमशेड

अग्रसेन चौक के पास राम मंदिर के पीछे एक तरफ 15 लाख की लागत से दो स्थान पर डोम शेड लगेगा। एक तरफ व्यापारियों के बैठने के लिए और दूसरी तरफ सार्वजनिक आयोजनों के लिए डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। इससे सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंदर खुराना, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिमांशु सिंह, पार्षद मनीषा सोनी, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, देवनारायण तांडी, मनोज सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

चंडी मंदिर से नयापारा रोड का भी चौड़ीकरण किया जाएगा।

गजेंद्र यादव ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से शहर की बड़ी आबादी को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। लोगों को सुरक्षित, सुगम और तेज आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह सड़क दुर्ग शहर के यातायात तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने 5 स्थान पर फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसके अंतर्गत पहले फोरलेन सड़क का आज भूमिपूजन किया गया। यह कार्य केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि चुनाव के दौरान किए गए विकास के वादों को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम है।

## खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा और खारून-रायपुर-परसदा परियोजना में ग्रहण

# अधिग्रहण को लेकर किसानों का आक्रोश, सर्किल रेट में बदलाव, नौकरी नहीं देने से बढ़ी नाराजगी

## भू-अर्जन को लेकर अब तक प्रारंभिक प्रकाशन भी नहीं हो पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा एवं खारून-रायपुर-परसदा रेल परियोजनाओं के भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों की चिंता काम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को किसानों ने हिंदी भवन के सामने उग्र प्रदर्शन किया। रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

किसानों की मांग थी कि सबसे पहले सर्किल रेट को स्पष्ट किया जाए, पूर्व में नवंबर 2025 में जिस जमीन की कीमत 1.52 करोड़ प्रति हेक्टेयर थी, उसे जनवरी 2026 में 95 लाख कर दिया गया है। इस वजह से किसान भयभीत है। इसके अलावा 2013 भूअर्जन अधिनियम के अंतर्गत प्रभावित किसानों को नौकरी दिए जाने का प्रावधान है, इसके बारे में भी अधिकारी सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। वहीं जिन जमीनों की खरीदी-बिक्री हो चुकी है, या मामला नाम ट्रांसफर में अटका हुआ है। ऐसे में मुख्य किसान के बजाए दूसरे को मुआवजा राशि जारी होने का खतरा बना हुआ है।

इस प्रकार की विसंगतियों एवं प्रशासनिक मनमानी के विरोध में किसानों ने प्रदर्शन किया, जिसका कांग्रेस ने समर्थन किया। हिंदी भवन के सामने विशाल धरना प्रदर्शन के दौरान किसानों ने तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। इसके बाद रैली निकाल कर कलेक्टोरेट परिषर के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।




### प्रदर्शन के दौरान उठाए गए मुद्दे जिनका जवाब नहीं मिल रहा

किसानों ने बताया कि भूमि का मूल्यांकन वर्गमीटर या वर्गफुट के आधार पर किया जाएगा। ग्रामीण भूमि के मूल्य में कटौती पर रोक एवं विकास आधारित उचित बढ़ोतरी हो। ग्राम सभा की पूर्व सहमति एवं पारदर्शी प्रक्रिया हो। 4 गुणांक का अनिवार्य प्रयोग एवं उच्चतम तुलनीय विक्रय विलेख के आधार पर मुआवजा निर्धारित किया जाएगा। भूमि के साथ मकान, पेड़, कुआं-बोर, सिंचाई एवं विद्युत संरचनाओं का पृथक मूल्यांकन हो। 5 लाख की एकमुश्त राशि के स्थान पर स्थायी रोजगार, पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। किसी भी प्रकार की दमनात्मक कार्रवाई पर रोक लगाए जाए। प्रभावित किसानों में पुरई, पाऊवारा, चंगोरी, बिरेझर, थनौद, कोनारी, चंदखुरी , भानपुरी, बोरीगारका, करगाडीह, खोपली, घुघसीडीह, कोकड़ी, कोड़िया, माणिकचौरी, धौराभाठा, बैगाटोला, नवागांव, इन्दावनी सहित अन्य ग्राम के किसान शामिल थे।



### जमीन की दरों में 57 से 66 लाख प्रति हेक्टेयर तक कटौती

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रमेन डेका, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि भुरकुनी गांव का रेट देखेंगे तो उसके अपेक्षा जनवरी माह में प्रति हेक्टेयर भारी कटौती किया है। जनवरी माह के अनुसार किसानों का 57 से 66 लाख प्रति हेक्टेयर तक की कटौती की गई है। इस तरह की भेदभाव पूर्ण तय रेट लिस्ट पर भी आपत्ति जताई गई। प्रदर्शन के दौरान देवेंद्र देशमुख, राकेश हिरवानी, लक्ष्मी मानिकपुरी, शकुन साहू, चिंतामणि गजपाल, गुलाब सिंह साहू, व्यासनारायण साहू, धनेश राम साहू, भंवर लाल देशमुख, यशवंत देशमुख, सतीश देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

# कोसानाला सुपेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन पश्चात कोसानाला सुपेलाब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरसिंह नाथ ने ब्लॉक कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी है। कार्यकारिणी में कुल 4 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 3 संयुक्त मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, 14 सचिव और दो कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। कोसानाला सुपेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में अध्यक्ष नरसिंह नाथ, उपाध्यक्ष रूपचंद गुर्जर, बंटू शर्मा, शिव साहू और वासु पांडे, महामंत्री इस्माइल खान, बलदाऊ पिपरिया, नरेंद्र पिपरोल और भानु प्रताप जंघेल, संयुक्त महामंत्री वीर बहादुर थापा आजाद अंसारी और दानवीर देवांगन, कोषाध्यक्ष बुद्ध शरण बोरकर, सचिव अमरजीत सिंह, प्रमोद यादव, मोहन दलाई, संभू साव, मो.अशरफ, संदीप कुमार, नितेश लाउत्तरे, राजेश्वर प्रसाद सोनवानी, राजू कन्हाई, लक्की दुबे, कीर्ति सिंह, ललिता साहू, वीणा देशलहरे और अंजलि भवते, कार्यकारिणी सदस्य कृतेश साहू और विक्की कुरैशी। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने नए पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य एकजुट होकर एक परिवार की तरह कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। जनहित से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने का भरसक प्रयास करेंगे।

## पेज 11 के शेष...

### बेमेतरा में ...

जाएगा। दिनभर मंदिरों में भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन, आरती एवं पूजा-पाठ का आयोजन होगा, वहीं रात्रि में विशेष महाआरती और जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालु रात्रि भर भगवान शिव की भक्ति में लीन रहकर व्रत-उपवास कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे।

**शहर से गांव तक भक्ति की धूम-** जिला मुख्यालय बेमेतरा सहित नवागढ़, बेरला, साजा और थान खम्हारिया के प्रमुख शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इन स्थानों पर मंदिर समितियों द्वारा विशेष दर्शन व्यवस्था, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक आयोजनों की तैयारी की गई है। वहीं दाढ़ी, मारो, नांदघाट, देवकर, देवरबीजा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी महाशिवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गांव-गांव में सामूहिक पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन, भंडारा एवं रात्रि जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालु पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना करेंगे।

**प्रशासन और पुलिस अलर्ट, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम-** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर है। प्रमुख मंदिरों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं शिव बारात मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। नगर पालिका एवं पंचायत स्तर पर मंदिर परिसरों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है तथा दर्शन के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था बनाई गई है।

**बाजारों में बढ़ी रौनक, पूजा सामग्री की मांग-** महाशिवरात्रि को लेकर जिले के बाजारों में भी विशेष रौनक देखने को मिल रही है। पूजा सामग्री, बेलपत्र, धतूरा, फल-फूल, प्रसाद, रुद्राक्ष माला एवं धार्मिक सामग्री की दुकानों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। व्यापारियों के अनुसार इस वर्ष पूजा सामग्री की मांग में वृद्धि देखी जा रही है। **श्रद्धालुओं से व्यवस्था बनाए रखने की अपील-** मंदिर समितियों एवं जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में अनुशासन बनाए रखने, निर्धारित व्यवस्था का पालन करने तथा सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि सभी श्रद्धालु शांतिपूर्वक भगवान शिव के दर्शन कर सकें। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पूरे बेमेतरा जिले में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है। शिवभक्ति में डूबा जिला भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करेगा।

### भूईयां पोर्टल पर...

और अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर पहले भी लोगों को छह महीने से एक वर्ष तक इंतजार करना पड़ता था। सरकार की 15 दिन की समय-सीमा की घोषणा से नागरिकों में उम्मीद जगी थी, लेकिन पोर्टल पर अब भी 90 दिन की अवधि दर्शाए जाने से प्रशासनिक व्यवस्था की स्थिति पर प्रश्न उठ रहे हैं। **कानूनी स्थिति को लेकर भी संशय-** कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि किसी नियम में बदलाव तब तक प्रभावी नहीं माना जाता, जब तक उसका स्पष्ट राजपत्र प्रकाशन नहीं हो जाता। ऐसे में घोषणा और वर्तमान व्यवस्था के बीच अंतर से नागरिकों में भ्रम बढ़ा है कि वास्तविक समय-सीमा कौन सी लागू है। **स्पष्टता और पोर्टल सुधार की मांग-** नागरिकों का कहना है कि डिजिटल सुशासन का दावा तभी सार्थक होगा जब घोषणा और व्यवस्था में समानता हो। फिलहाल भूईयां पोर्टल में सुधार और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी होने तक बेमेतरा जिले सहित प्रदेश भर के डायवर्सन आवेदक परेशानी झेल रहे हैं। अब लोगों को इंतजार है कि पोर्टल में सुधार कब होगा और सरकार की घोषित 15 दिन की समय-सीमा व्यवहार में कब लागू होगी।

### कांग्रेस भवन में मनी...

योगदान को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय पंडित श्यामा चरण शुक्ल एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदेश के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। वे सदैव गरीब, किसान एवं दलित वर्ग के हितों से जुड़े रहे और जन-जन के नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनके नेतृत्व ने अविभाजित मध्य प्रदेश को नई दिशा देने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के प्रभारी महामंत्री ललित विश्वकर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा अध्यक्ष मिथलेश वर्मा, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि मिश्रा सहित मनोज शर्मा, जनता साहू, टोकेश्वर साहू, अखिलेश नामदेव, नवीन ताम्रकार, प्रवीण शर्मा, प्रकाश ठाकुर, चंद्र प्रकाश शीतलानी, अनिल दुबे, चितरेन वर्मा, संजय वर्मा, हेमिन यादव, रग्घू तिवारी, देवा गर्ग, गुमेश चौहान, कोमल पुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर से शिकायत के बाद हरकत में आया निगम, तालाबों की सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- आम आदमी पार्टी के नेता ने जनदर्शन में की थी शिकायत

वार्ड 23, घासीदास नगर के नवीन स्कूल और उसके समीप स्थित तालाब में फैली गंदगी को लेकर कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद नगर निगम ने सफाई कार्य शुरू कर दिया है। कलेक्टर जनदर्शन में आम आदमी पार्टी के वार्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने शिकायत की थी।

वार्ड अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत दी थी कि घासीदास नगर के नवीन स्कूल परिसर और पास के तालाब में भारी मात्रा में कचरा और गंदगी जमा है। पानी की किल्लत के कारण महिलाएं इसी तालाब का उपयोग करती हैं, जिससे गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा बना हुआ था। स्थानीय पार्षद द्वारा समस्या पर ध्यान न दिए जाने के बाद आप पार्टी ने सीधे प्रशासन का दरवाजा खटखटाया।





आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने वैशाली नगर क्षेत्र की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वैशाली नगर के वार्डों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। तालाबों का महत्व हमारी धार्मिक आस्था से जुड़ा है, लेकिन विधायक और पार्षद इनके संरक्षण और सफाई को लेकर गंभीर नहीं हैं। जब तक जनता शिकायत लेकर कलेक्टर के पास नहीं जाती, तब तक स्थानीय जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद में सोए रहते हैं। इस दौरान धर्मेंद्र चौधरी, जसप्रीत सिंह, राजकुमार, अविनाश सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# युवाओं के सपनों को नई उड़ान और रोजगार का अवसर देने वाला है केन्द्रीय बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- केंद्रीय बजट पर मंत्री यादव ने किया व्यापारियों से संवाद

भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक और व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय व्यापारी संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026 में व्यापार और उद्योग क्षेत्र के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों की पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जानकारी साझा की। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य बजट प्रावधानों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और व्यापार समुदाय के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।



केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 देश की आर्थिक प्रगति को नई गति देने वाला बजट है। बजट में युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के उद्देश्य से स्टार्टअप को प्रोत्साहन, नवाचार को बढ़ावा, स्थानीय उत्पादों के संवर्धन तथा वोकल फॉर लोकल को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बड़ी संख्या पर्यटन विकसित किये जाने रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे जिससे क्षेत्र का व्यापार भी बढ़ेगा। संवाद के दौरान लघु एवं मध्यम व्यापारियों के लिए विभिन्न प्रकार की कर छूट, प्रक्रियाओं के सरलीकरण, डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहन तथा व्यापार सुगमता को बढ़ाने हेतु किए गए प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापारियों ने भी केंद्रीय बजट पर अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए, जिस पर सकारात्मक संवाद हुआ।दुर्ग भाजपा प्रभारी नंदन जैन, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने बताया कि केंद्रीय बजट में व्यापारियों के लिए कई सकारात्मक प्रावधान किए गए हैं, जिनसे व्यवसाय को गति और स्थिरता मिलेगी। कर प्रणाली को सरल बनाने, आयकर व जीएसटी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने तथा अनुपालन बोझ कम करने से छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, अजय भसीन, उपाध्यक्ष अशोक राठी, अनूप गटागट आदि मौजूद थे।

## भूजल संरक्षण, संवर्धन और वैज्ञानिक प्रबंधन को लेकर जिपं. के सभागार में कार्यशाला

# बोरवेल के ज्यादा इस्तेमाल से भूजल स्तर गिर रहा, सहेजना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- एनसीसीआर केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक रहे मौजूद

जिला पंचायत के सभागार में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय भूजल बोर्ड एवं भूमि जल बोर्ड द्वारा जल प्रबंधन, जल पुनर्जीवन योजना एवं डेटा प्रसार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एनसीसीआर केंद्रीय भूजल बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. डी. ज्ञानसुंदर मौजूद थे। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. ज्ञानसुंदर ने दुर्ग के क्षेत्रीय जलभृत बेसिनों की वैज्ञानिक निगरानी, प्रभावी प्रबंधन एवं पुनरुद्धार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भूजल संसाधनों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य की जल एवं खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला का उद्देश्य दुर्ग जिला में भूजल संसाधनों के सतत उपयोग एवं संरक्षण के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। योजनाओं ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी नरेगा, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वस्थ्य यात्रिकी विभाग, कार्ययोजना तैयारी व चरणबद्ध तरीके से करने के लिए कहा गया।




### जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाया जाएगा अभियान

कार्यक्रम में वैज्ञानिक बी. अभिषेक, मोनिका, प्रमोद, महिमा अवस्थी, सर्वोदय बारिक, श्रीधर साहू, कमल किशोर सहित कई अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यशाला के माध्यम से भूजल संसाधनों के संरक्षण, वैज्ञानिक प्रबंधन और सतत उपयोग की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करने की पहल की गई। साथ ही तय किया गया कि जल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### पेयजल के लिए बोरवेल पर निर्भरता ज्यादा

इस दौरान यह बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति के लिए बोरवेलों पर अत्यधिक निर्भरता है। साथ ही निम्न पारगम्यता वाले क्षेत्रों में बोरवेल के पंपिंग घंटों में कमी, भूजल स्तर में गिरावट और कुओं के सूखने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों ने कुछ गांवों में आर्सेनिक एवं फ्लोराइड की उच्च सांद्रता को भी गंभीर चुनौती बताया। कार्यशाला में जल पुनर्जीवन, कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं के विकास, डेटा आधारित प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया।

# स्थानीय मुद्दे और मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने से कर्मी हड़ताल में नहीं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार के पिछले 32 श्रम कानूनों को हटाकर 4 नए लेबर कोड के अधिसूचित किए जाने के खिलाफ खिलाफ कल गुरुवार को हुई देशव्यापी हड़ताल को भिलाई इस्पात संयंत्र में सफलता नहीं मिलने से प्रमुख ट्रेड यूनियनों में स्तब्ध और निराश हैं। हड़ताल की नाकामी को लेकर प्रमुख हड़ताली यूनियनें और वर्कर्स एक दूसरे को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। श्रमिक संगठन अब हड़ताल से किनारा करने के कारणोंऔर ऐन हड़ताल के दिन सरकार द्वारा श्रम विरोधी लेबर कोड को लागू कर दिए के खिलाफ समीक्षा में जुट रहे हैं। यूनियनों ने लेबर कोड के खिलाफ संघर्ष जारी रहने का ऐलान किया है। दस केंद्रीय यूनियनों व फेडरेशनों के आह्वान पर कल 12 फरवरी को यहां एनजेसीएस श्रमिक संगठनों सहित 7 यूनियनें यानी संयुक्त यूनियन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में भी हड़ताल को सफल बनाने की अपील की थी। इसके लिए यूनियनों के लोग पिछले महीनेभर से प्लांट व नान वर्क्स एरिया में कर्मचारियों से संपर्क करने के साथ प्रेस विज्ञप्तियों व सोशल मिडिया के माध्यम से आंदोलन को सफल बनाने रणनीतिक तैयारी में जुटे हुए थे। लेकिन इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, एक्टू,लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियनों के नेता, सक्रिय कार्यकर्ता और समर्थक ही एक दिनी अवकाश लेकर हड़ताल पर दिखे। आम वर्कर्स बड़े आराम से निश्चित होकर सभी शिफ्ट में ड्यूटी करते रहे। बीएमएस सहित छह स्थानीय यूनियनें भी हड़ताल में शामिल नही हुई। 22 हजार ठेका मजदूर भी हड़ताल में नहीं दिखे। बीएसपी में हड़ताल के फेल होने से प्रबंधन ने तो राहत की सांस ली लेकिन संयुक्त यूनियन के नेता उदासीन हैं। सयु ने खुद बकायदा बयान जारी कर वर्कर्स के हड़ताल में शामिल होने पर चिंता जाहिर कर लेबर कोड के मुद्दे को आम कर्मी तक पहुंचाने व आगे वापसी तक संघर्ष जारी रहने का ऐलान किया है। यूनियनें अब कर्मियों की सहभागिता नगण्य होने के कारणो की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि इस बार हड़ताली यूनियनों को अंदाज हो गया था कि आम कर्मियों का हड़ताल को प्रत्यक्ष समर्थन नहीं मिलेगा, जिसे देखते हुए पिछली देशव्यापी हड़तालों की तरह बीएसपी के सभी गेटों पर मोर्चा संभालने की तरह सिर्फ मेन गेट के करीब सेक्टर एक चौक पर ही डटने का निर्णय लिया। गुरुवार की हड़ताल असफल होने को लेकर बीडब्ल्यू सहित स्थानीय यूनियनें संयुक्त यूनियन को अपनी पालिसी के तहत कठघरे में खड़ा कर रही हैं।

## बीएसपी में हड़ताल के फेल होने से यूनियन कर रही समीक्षा



पिछले साल अक्टूबर में हुई हड़ताल बीएसपी में करीबन 40 फीसदी सफल रही थी। यूनियनों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस सफलता की वजह लंबित अपूर्ण वेतन समझौता पूर्ण करने व 29 महीने का लंबित एरियर्स जैसे लोकल मुद्दे शामिल थे। लेकिन इस हड़ताल में ऐसी कोई सेल से जुडी मांग नहीं थी। आजादी के बाद श्रमिकों के संघर्ष से मिले 32 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 संशोधित लेबर कोड खत्म करने की मांग राष्ट्रीय व बड़ा मुद्दा होते हुए भी यूनियनों द्वारा इसे अच्छी तरह वर्कर्स को समझा नहीं पाना भी उसकी उदासीनता एक कारण बताया जा रहा है। स्थानीय यूनियनें के भी किनारा करने से उनके समर्थक वर्कर्स शामिल नही हो सके। यूनियनों के अनुसार पिछले सफल हड़तालों की तरह प्रबंधन की ट्रांसफर जैसी कठोर कार्रवाई का डर व 4, 5 हजार वेतन कटने का नुकसान के चलते भी वर्कर्स हड़ताल में शामिल नही हुए। फिर वर्तमान में मात्र दस हजार कर्मचारी ही कार्यरत हैं यानी मेनपावर पहले जैसा नही रहा। इस दौरान प्रमुख यूनियनों की सोच व प्राथमिकताओं में बदलाव व नियोगी,रवि आर्य, पीके मोईत्रा, एमसी सोनी जैसे मास लीडर के नेतृत्व की कमी का भी आम वर्कर्स आंकलन कर रहा है। दो साल से बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने से वर्कर्स सर्व स्वीकार्य लीडरशिप की कमी महसूस कर रहे हैं। इस बीच संयुक्त यूनियन ने पुरजोर विरोध व देश में 40 करोड़ मेहनतकशो के हड़ताल के बाद भी मोदी सरकार के लेबर कोड को लागू किए जाने से तानाशाही बताते हुए इस काले कानून की वापसी तक संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी है।

## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव निलंबित

**दुर्ग।** धमधा ब्लॉक के ग्राम ढौर के पंचायत सचिव सालिक राम ठाकुर को शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही एवं कर्तव्य निर्वहन में उदासीनता के कारण निलंबित कर दिया गया है। सालिक पर आरोप है कि उन्होंने मादक पदार्थ का सेवन कर पंचायत में उपस्थिति दी। पंचायत निर्वाचन 2024-25 के दौरान कार्यों में अनुपस्थित रहे। एसआईआर के कामों में लापरवाही बरती। साथ ही निर्वाचन संबंधी कार्यों को बाधित करने के तथ्य सामने आए हैं। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत धमधा की मासिक बैठकों में बिना सूचना अनुपस्थित रहे। इसके आधार पर उन्हें निलंबित किया गया है।

### केन्द्रीय विद्यालय के लिए स्वतंत्र भवन की मांग

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने दुर्ग केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री से नेवई में संचालित केन्द्रीय विद्यालय के लिए स्वतंत्र भवन की मांग की है। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय नेवई में पहली से बारहवीं तक कक्षा में विद्यार्थी अध्ययनत है। उक्त विद्यालय वर्तमान में सीआईएसएफ की भवन में संचालित है। इससे विद्यालय के अधोसरंचना विकास में अवरूद्ध हो रहा है। विद्यालय का अपना भवन होने से केन्द्रीय विद्यालय के प्रवेश क्षमता में वृद्धि होगी। सांसद बघेल ने कहा कि केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री द्वारा लोकसभा में जानकारी दी गई थी कि सीआईएसएफ द्वारा 2.80 हेक्टेयर (6.99 एकड़) जमीन का चिन्हांकन स्वतंत्र भवन बनाने के लिए कर लिया गया है।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर एक दिन का वेतन कटा

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने निर्वाचन कर्त्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम तथा सिविल सेवा आचरण में उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत कार्य करने के कारण उप संचालक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 65 भिलाई नगर दीपक मिश्रा के माह फरवरी में वेतन भुगतान के एक दिवस को अवैतनिक किया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विगत 31 जनवरी 2026 को आयोग के निर्देशानुसार अन-मैप्ड और लॉजिकल विसंगति के मामले में मतदाताओं को जारी किये नोटिस सुनवाई की तिथि के संबंध में समस्त ईआरओ, एईआरओ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में मिश्रा अनुपस्थित थे, साथ ही ईआरओ द्वारा दूरभाष पर संपर्क करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं करने पर जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### महाशिवरात्रि पर मेला महोत्सव आज

**अंडा।** महाशिवरात्रि पर आलबरस एवं आमटी में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 15 फरवरी रविवार को किया जा रहा है। ग्राम पंचायत आलबरस में शिव मंदिर परिसर एवं पंचायत भवन में विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख ने शामिल होने की अपील की है। यहां पारंपरिक तिरगा एवं झोला मंडई मेला भी होगी।आलबरस में रात्रि 11 बजे से भजन-कीर्तन एवं छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य के साथ छत्तीसगढी कार्यक्रम मोर मयारू संगी टेरेसरा की विशेष प्रस्तुति होगी। वहीं ग्राम आमटी में तान्दुला नदी किनारे स्थित मेला स्थल पर भव्य मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## विडंबना : जेडी ने पहले ही शिक्षकों को हेडमास्टर पद में दी है पदोन्नति

# मनमाफिक जगह नहीं मिली तो 45% शिक्षकों ने प्रमोशन छोड़ा, 568 में 235 ने दी असहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सालों बाद शिक्षकों को हेडमास्टर पद पर प्रमोशन मिला। जब पदस्थापना के लिए काउंसलिंग की गई तो 45 प्रतिशत शिक्षकों ने मनमाफिक जगह नहीं मिलने की वजह से अपना प्रमोशन छोड़ दिया। संयुक्त संभागीय शिक्षा संचालक द्वारा दस दिन पहले ही ई व टी संवर्ग के शिक्षकों को हेडमास्टर के पद पर प्रमोशन दिया गया है। दुर्ग संभाग के 568 पदोन्नत शिक्षकों को प्रधानपाठक के पद के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी की गई। ई संवर्ग के 505 तथा टी संवर्ग के 63 पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक पद पर काउंसलिंग की गई।

### 774 पदोन्नत शिक्षकों में से 539 शिक्षकों को मिलेगा आदेश



### शिक्षक संगठन के मेहनत पर फिरा पानी

खास बात यह है कि त्वरित और निर्बाध पदोन्नति तथा काउंसलिंग से पदस्थापना की प्रक्रिया शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी लगातार जेडी कार्यालय से सम्पर्क बनाये रखे। संगठन का प्रतिनिधिमंडल कई बार अधिकारियों से मिलते रहा और पदोन्नति एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया के लिए प्रयास किया लेकिन पदोन्नति मिलने के बाद इसे बड़ी संख्या में शिक्षकों ने छोड़ दिया। इस तरह शिक्षक संगठनों की मेहनत में पानी कई शिक्षकों ने पानी फेर दिया।

### 149 काउंसिलिंग में आए ही नहीं 86 शिक्षकों की असहमति

काउंसलिंग की प्रक्रिया तुलाराम आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 12 एवं 13 फरवरी को रखी गई।प्रथम दिन ई संवर्ग के 400 प्रधान पाठकों में से 131 अनुपस्थित थे। 62 ने असहमति दी।207 प्रधान पाठकों ने पदस्थापना संस्था चयन किया। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को ई संवर्ग के 105 में से 14 अनुपस्थिति, 10 असहमति दी। 81ने संस्था चयन किया। टी संवर्ग से 63 में से 4 अनुपस्थिति 12 असहमति,47 ने संस्था चयन किया। इस तरह 149 काउंसलिंग में नहीं आए और 86 ने असहमति दी। दोनों मिलाकर 235 शिक्षकों ने अपना प्रमोशन नहीं लिया है।

### पदोन्नति देकर प्रदेश का पहला संभाग बना था दुर्ग

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग संभाग ने लगभग 774 शिक्षकों को पदोन्नति देकर माध्यमिक प्रधानपाठक बनाने वाला प्रदेश में पहला संभाग बना है। जिसने इस शैक्षणिक सत्र में पदोन्नति दी है। दुर्ग संभाग में पिछले शिक्षा सत्र में भी मिडिल एच की पदोन्नति हो चुकी है, जबकि प्रदेश के अन्य संभाग में यह प्रक्रिया उलझी हुई है। जिन शिक्षकों की काउंसिलिंग 12 फरवरी को हुई है उन्हें 20 फरवरी और 13 फरवरी को हुई काउंसिलिंग वाले शिक्षकों को 21 फरवरी तक ज्वाइन करने का आदेश है।

### 206 शिक्षकों को उसी स्कूल में पदस्थापना

काउंसिलिंग के बाद संभागीय संयुक्त शिक्षा संचालक द्वारा 333 प्रधान पाठकों का पदस्थापना आदेश जारी करने की तैयारी है। वहीं काउंसलिंग में अनुपस्थित कुल 149 शिक्षकों को संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के मंथन हाल में 16 फरवरी को काउंसलिंग रखी गई है। संभाग की कुल 774 शिक्षकों को पदोन्नति दी गई थी जिसमें 206 शिक्षकों को यथावत उसी स्कूल में रखा गया है जहां पर खाली थे। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर और छुईखदान जिले के शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है।

### 16 फरवरी को दोबारा मौका

अनुपस्थित शिक्षकों को दोबारा मौका दे रहे है। काउंसिलिंग उनकी 16 फरवरी को होगी। पहली पदस्थापना आदेश जल्द ही जारी कर देंगे। 20 व 21 फरवरी तक 333 सहमत व 206 यथावत शिक्षकों को ज्वाइन करने के निर्देश है।

**आरएल ठाकुर,** जेडी दुर्ग शिक्षा संभाग

### प्रमोशन सभी लें

संगठन ने मेहनत की। पदोन्नति एवं काउंसलिंग में जेडी का भरपूर सहयोग मिला हैं। गैरहाजिर शिक्षकों के लिए 16 फरवरी को और मौका है। सभी शिक्षक प्रमोशन लें।

**चन्द्रशेखर तिवारी,** कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, छग शालेय शिक्षक संघ

# फरार वारंटियों की धरपकड़ कई वारंटियों को पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- न्यायालय से जारी स्थायी व गिरफ्तारी वारंट तामिली
- 32 स्थायी, 46 गिरफ्तारी वारंट तामील

लंबे समय से फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना चौकी क्षेत्रों में लंबित स्थायी, गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए अभियान चलाया गया।

आपराधिक प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटियों की पतासाजी कर टीम बनाकर धरपकड़ शुरू की गई। वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। इसमें 32 स्थायी वारंट और 46 गिरफ्तारी वारंट तामिल किए गए। इसके अलावा 16 ऐसे वारंटियों के बारे में पता चला, जिनकी मौत हो चुकी है। इसमें दुर्ग, अंजोरा, छावनी, पुरानी भिलाई, खुर्सीपार, उतई, भिलाई भट्ठी, सुपेला, जेवरा सिरसा, भिलाई नगर, जामुल, अमलेश्वर, धमधा, मोहन नगर, वैशाली नगर, पद्मनाभपुर, पुलगांव, नगपुरा, स्मृति नगर, कुम्हारी, पाटन, नंदिनी नगर, बोरी, रानीतराई शामिल है।

## चौपाल में योजनाओं की दी जानकारी



**भिलाई।** आजीविका मिशन रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा, अंजोरा और ढाबा में चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुलेशवरी देवांगन, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कन्हैया सोनी, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पिछड़ा वर्ग संजय जयसवाल सहित सरपंच, रोजगार गारंटी में कार्य करने वाले मजदूर व ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों को बताया गया कि विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण जिसे वीबी-जी राम जी योजना/अधिनियम 2025 कहा जाता है, मनरेगा का एक उन्नत रूप है। यह ग्रामीण परिवारों को 100 की जगह सालाना 125 दिनों की रोजगार गारंटी, समय पर मजदूरी और बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण प्रदान करता है ।

# रिसाली एमआईसी ने 305 पेंशन के नए आवेदनों को किया मंजूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पेंशन धारियों के खातें में राशि नहीं आने से महापौर परिषद ने समाज एवं कल्याण विभाग को पत्र लिखा है। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा पेंशन हितग्राहियों को पेंशन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। परिषद के सद्स्यों ने बैठक में 305 नए आवेदनों को अनुमोदन भी किया। महापौर परिषद के सद्स्यों ने अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक प्राप्त 305 पात्र आवेदनों का अनुमोदन किया। पात्र में केन्द्रीय पेंशन योजना के 247 एवं राज्य पेंशन योजना के 58 लोग शामिल है।परिषद के सद्स्यों का कहना था कि नवम्बर 2025 से पेंशन हितग्राहियों के खाते में राशि नहीं आई है। चर्चा के दौरान खुलासा हुआ कि विभाग से ही राशि का आवंटन नहीं हुआ है। इसे महापौर परिषद के सद्स्यों ने गंभीरता से लिया और समाज कल्याण विभाग को पत्र लिखने का निर्णय लिया।

### इस तरह मिलती है पेंशन

केन्द्रीय पेंशन एवं राज्य शासन की पेंशन योजना के तहत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन के तहत 500-500 और समाजिक सुरक्षा के तहत 49 वर्ष से कम आयु में विधवा होने पर 20 हजार की सहायता दी जाती है। योजना का लाभ लेने बी.पी.एल. होना अनिवार्य है। महापौर परिषद की बैठक में महापौर शशि सिन्हा, एमआईसी संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# जनहित में भूमि को 30 वर्ष की लीज पर देने के निर्णय का विरोध

**भिलाई।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत जनहित के लिए सुरक्षित रखी गई भूमि को 100 आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों के रूप में 30 वर्ष की लीज पर देने के प्रस्ताव का नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने विरोध किया है। इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए उन्होंने कहा है कि यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, बल्कि बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा सवाल है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने बताया कि शहर में पहले से ही खेल मैदानों और खुले सार्वजनिक स्थलों की कमी है। ऐसे में यदि इस भूमि का व्यावसायिक उपयोग किया जाता है, तो बच्चों के पास खेलने के लिए सुरक्षित जगह नहीं बचेगी। इसका सीधा असर बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ेगा। उनका स्पष्ट मत है कि जनहित के लिए सुरक्षित भूमि को लीज पर देना शहर के दीर्घकालीन विकास के खिलाफ है। उनका कहना है कि प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी बच्चों के लिए खेल मैदान, पार्क और सामुदायिक उपयोग के खुले स्थानों को संरक्षित रखना है। प्रस्तावित 30 वर्ष की लीज प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए और उक्त भूमि को स्थायी रूप से खेल मैदान एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित घोषित किया जाए। साथ ही इस विषय पर खुली जनसुनवाई आयोजित करने और भूमि आवंटन से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक करने की भी मांग की गई है। उन्होंने बताया कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएंगे।



# विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने पंच से लेकर पार्लियामेंट तक जीतने होंगे हर चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




- भाजपा की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक, आगामी कार्य योजनाओं पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यकारिणी और विस्तार घोषणा के पश्चात जिला स्तरीय बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल के मुख्य उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, भाजपा दुर्ग संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, दुर्ग जिला संगठन प्रभारी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, मंत्री गजेंद्र यादव सहित जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा उपस्थित थे। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा के बाद पदाधिकारी से दायित्व निर्वाह करने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी को नई दायित्व प्राप्त हुई है। सभी को संगठनात्मक दायरे में रहकर दायित्व का निर्वाह करना है। सभी को यह संकल्प लेना है कि अगली बार हमारी सरकार बने तो पूर्ण बहुमत की सरकार बने। पिछले बार से भी ज्यादा सीट जीतकर हमारी सरकार आए। इसका चिंतन हम सभी को करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना है जिससे भारतीय जनता पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचे। सभी को सर्वप्रथम राष्ट्रवाद की भावना को प्रथम रखना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार की योजनाओं और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार की योजनाओं के माध्यम से हर घर में कोई ना कोई लाभांवित है। हम उनसे मिलकर सरकार की योजनाओं की फीडबैक लेकर उनसे आवश्यक सुझाव लेकर अपने वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराने का भी कार्य करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हमें लगातार पंच से लेकर पार्लियामेंट तक का हर चुनाव जीतना होगा। बैठक का संचालन दिलीप साहू ने और आभार प्रदर्शन विनोद अरोरा ने किया। बैठक में विधायक ललित चंद्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, महापौर अल्का बाघमार, केएस चौहान, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, शिवेंद्र परिहार, हर्षा चंद्राकर, सरिता मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# राजस्व वसूली में तेजी लाने और विकास कार्यों को समय पर पूरा करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निगम की आय में वृद्धि के उपायों और शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। राजस्व वसूली पर विशेष जोर देते हुए आयुक्त ने निकाय की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, निर्यात कर और दुकानों के किराए की वसूली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही विज्ञापन होर्डिंग्स, पार्किंग, यूजर चार्ज और भवन भूखंडों से प्राप्त होने वाली आय की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सक्रिय होकर कार्य करने को कहा।

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत सुलझाया जाएंगे विवादित मामले

**दुर्ग।** आगामी नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित है। इसकी तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सरपंचों की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा किया गया। बैठक में यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि ग्राम स्तर पर सरपंच प्रारंभिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। ग्राम पंचायतें स्थानीय विवादों, राजस्व प्रकरणों, पारिवारिक मतभेदों, बैंक ऋण संबंधी मामलों, विद्युत एवं जलकर बकाया, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों तथा धारा 138 परक्राम्य अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की प्रथम जानकारी का प्रमुख स्रोत है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### बाल विवाह प्रतिषेध पर कार्यशाला आयोजित

**स.लोहारा।** सहसपुर लोहारा में विकासखंड स्तरीय बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला 2 चरणों में आयोजित किया गया जिसमें बाल विवाह के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के कार्य दायित्व, शिकायत दर्ज करने हेतु नंबर, पंचायत में रजिस्टर संधारण आदि के संबंध में जानकारी दी गई। बाल विवाह नहीं करने के संबंध में शॉर्ट मूवी भी दिखाई गई। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु सभी को शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शिव कुमार साहू, परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर, पर्यवेक्षक श्रीमती कुंती खुसरे, श्रीमती कामिनी देवांगन, जिला बाल संरक्षण इकाई के विनय जांघेल एवं श्रीमती हीरा सेन उपस्थित थे।

### श्री अखण्ड नवधा रामायण आज से प्रारंभ

**कवर्धा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर ग्राम अमरौड़ी में श्री खण्ड नवधा रामायण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां आयोजन समिति द्वारा की जा रही है। इस संबंध में ग्राम समिति के अध्यक्ष आजू सिंह राजपूत सरपंच, कोषाध्यक्ष गुजराम कुंभकार, संचालक अधिना श्रीवास तथा व्यवस्थापक युवराज सिंह ठाकुर पंच से मिली जानकारी के अनुसार श्री अखंड नवधा रामायण का 40वां आयोजन ग्राम अमरौड़ी में 15 से 18 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाले इस कार्यक्रम में आचार्य पं. श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में चार दिवसीय रामायण का आयोजन किया जाएगा।

### हाई स्कूल राम्हेपुर कला में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया

**बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में शनिवार को मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। जिसमें आरके साहू द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि माता-पिता पृथ्वी के साक्षात भगवान है। माता-पिता ने अनेक कष्ट सहकर हमें बड़े किए है, माता पृथ्वी से बढ़कर एवं पिता का स्थान आसमान से ऊंचा होता हैं। अतः हमें अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होने बताया कि कैसे भगवान श्री गणेश ने प्रथम पूज्य देवता बने एवं कैसे श्रवण कुमार ने मां-बाप की सेवा की, पौराणिक कथा बताकर माता-पिता के प्रति आदर भाव सम्मान एवं संस्कार बच्चो में डाला गया। मातृ-पितृ देवो भवः एवं मंत्र उच्चारण से भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रेरणास्पद बाते बताई गई। स्कूल आते समय रोज माता-पिता एवं बड़े बुजुर्गो को प्रणाम करना एवं आज घर में पूजन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती संतोष सलूजा, एमआर कोमरे, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सुरेन्द्र छाबड़ा को रजक समाज ने किया सम्मानित

**कुण्डा।** धर्म नगरी कुण्डा में सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में सात दिवसीय संगीतमय दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। वहीं श्रीराम कथा के समापन दिवस पर श्रीराम कथा आयोजन के संयोजक सुरेन्द्र छाबड़ा को सफल धार्मिक आयोजन के लिए रजक समाज कुण्डा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस साप्ताहिक श्रीराम कथा में देश-प्रदेश के प्रख्यात कथा व्यास को आमंत्रित किया गया था, जिसमें श्रीराम कथा में श्रोताओं को अपने मधुर मुखारविंद से दिव्य श्रीराम कथा का रसपान कराया।

**आयोजन : विद्यार्थियों ने माता-पिता का किया विधिवत पूजन**

# मातृ-पितृ पूजन दिवसः बच्चों ने संस्कार, नैतिक शिक्षा और सम्मान की भावना को किया सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विकासखंड साजा अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा, भारतीय संस्कारों और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को प्रबल करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें समाज से आईं कांता जैन एवं अन्य माताओं ने प्रधान पाठक गिरिजा पटेल के साथ दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। बच्चों ने माता-पिता के पूजन हेतु थालियां सजाकर उनका विधिवत पूजन किया और वंदना गीत प्रस्तुत कर आशीर्वाद लिया। प्रधान पाठक गिरिजा पटेल ने कहा कि मातृ-पितृ पूजन दिवस माता-पिता के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन "मातृ देवो भव, पितृ देवो भव" की भावना को सशक्त करता है और बच्चों में संस्कार निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने भगवान गणेश द्वारा माता-पिता की परिक्रमा के प्रसंग का उल्लेख करते हुए माता-पिता के सम्मान का महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता को मिष्ठान खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विद्यालय में कार्यरत सफाई कर्मी एवं रसोइया का भी बच्चों ने सम्मान करते हुए पूजन किया, जिससे सभी बड़ों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया। जिन बच्चों के माता-पिता उपस्थित नहीं थे, उन्होंने अपने अभिभावकों या परिजनों का पूजन कर संस्कारों का परिचय दिया।

**पालकों ने की बच्चों की गतिविधियों की सराहनाः** इस अवसर पर समाज से प्रहलाद निषाद, कांता जैन, रिसाली जैन सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पालकों ने बच्चों की गतिविधियों की सराहना की।

अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को उपहार एवं चॉकलेट भी वितरित किए गए। विद्यालय परिवार ने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से गुरु वंदना, मातृ-पितृ वंदन एवं नैतिक शिक्षा से जुड़े संस्कार सिखाए जाते हैं, जिससे वे व्यवहारिक जीवन में इन मूल्यों को अपनाएं। आयोजन में लगभग 15 पालकों सहित विद्यालय परिवार एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरीः विधायक साहू

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की सभी ने सराहना की। मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों के महत्व पर बल दिया तथा विद्यालय परिवार के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमलता साहू एवं धर्मेन्द्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत साजा अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि गोवेन्द्र पटेल, जनपद सदस्य नंदकुमार साहू, पूर्व सरपंच युवराज साहू तथा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धनेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मातृ-पितृ पूजन समारोह रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस भावनात्मक दृश्य ने पूरे वातावरण को संस्कारमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक डोगेन्द्र वर्मा ने किया। शिक्षक उत्तम साहू, खुमान साहू, कुलेश्वर ठाकुर, निखिल तिवारी एवं पूजा साहू का विशेष योगदान रहा। बीआरसी साजा खोमलाल साहू, संकुल प्राचार्य कमलेश गायकवाड़ सहित संकुल के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।





## माता-पिता जीवन में प्रकृति का अनुपम उपहारः हिम कल्याणी

**बेमेतरा।** साजा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर छात्रा भुनेश्वरी ध्रुवे एवं तुलेश्वरी सेन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शाला के प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता की आरती उतारी, तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाए तथा उनके चरणों का वंदन कर सम्मान व्यक्त किया। प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता हमारे जीवन में प्रकृति का अनुपम उपहार हैं। उन्होंने कहा कि हमें सदैव अपने माता-पिता एवं बड़ों का सम्मान करना चाहिए। यह पूजन केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमारे भीतर उनके प्रति निरंतर आदर और सम्मान की भावना बनी रहनी चाहिए। उन्होंने बताया कि माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दिन-रात परिश्रम करते हैं और उनकी भलाई ही सोचते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को चलचित्र के माध्यम से माता-पिता के सम्मान पर आधारित प्रेरणादायी कहानी भी दिखाई गई। इस अवसर पर रामकुवर ठाकुर, सतरूपा ध्रुव, बालेश्वर विश्वकर्मा, हेमलता विश्वकर्मा, कांति साहू, बीना साहू एवं प्रीति साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रानो स्कूल में भारतीयसंस्कृति का दिया संदेश

**बेमेतरा।** साजा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रानो में राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मातृ-पितृ पूजन दिवस का सामूहिक आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा मां शारदे की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संस्था की महिला शिक्षिकाओं कनकलता सरसुधे, प्रतीक जैन एवं प्रज्ञा जैन का गुलाल लगाकर एवं आरती उतारकर स्वागत एवं सम्मान किया। गुरु को माता-पिता के समान मानते हुए संस्था के सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया तथा सभी को राष्ट्रीय महिला दिवस एवं मातृ-पितृ पूजन दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। प्राथमिक प्रधान पाठक उत्तम साहू ने विद्यार्थियों को मातृ-पितृ पूजन दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर उनका सम्मान करना चाहिए। वहीं शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह देश की प्रथम महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू के जन्मदिवस के रूप में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्रभारी प्राचार्य द्वारिका राम वर्मा ने दोनों आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति में माता-पिता एवं गुरु के सम्मान को सर्वोच्च बताया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लेख, स्लोगन, चित्र एवं अपने विचार प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए चंचल को स्लोगन एवं देवपीका को लेख प्रस्तुत करने हेतु चयनित किया गया। शिक्षिका प्रतीक जैन ने विद्यार्थियों को सदैव माता-पिता एवं गुरु का सम्मान करने तथा उनके आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचाने की सीख दी। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## खपरी धोबी स्कूल में मना मातृ-पितृ पूजन दिवस

**बेमेतरा/साजा।** विकासखंड साजा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना, भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण करना तथा विद्यालय और अभिभावकों के बीच सुदृढ़ संबंध स्थापित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर तथा चरण स्पर्श कर माता-पिता का पूजन किया। इस दौरान बच्चों ने कविता, गीत एवं विचार प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। प्रधान पाठक धनेश रजक ने मातृ-पितृ सम्मान पर प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि माता-पिता का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पारिवारिक संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव अपने माता-पिता के प्रति आदर एवं कृतज्ञता बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम से बच्चों में पारिवारिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा अभिभावकों में विद्यालय के प्रति विश्वास और जुड़ाव मजबूत हुआ। आयोजन से विद्यालय में सकारात्मक एवं संस्कारयुक्त वातावरण का निर्माण हुआ। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनेश रजक, प्रभारी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला तारकेश्वर निर्मलकर, शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप, सहायक शिक्षक विजय लक्ष्मी रावत, स्वयंसेवी शिक्षिका गुनिता यामिनी निर्मलकर, सुरेखा निर्मलकर, पार्वती निर्मलकर, अमोल यादव, गोविंद निर्मलकर, मुकेश निर्मलकर, जितेंद्र निर्मलकर सहित सभी विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



# जिपं सीईओ ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत बेमेतरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर ने नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्री एवं धोबानोखुर्द का निरीक्षण कर ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं हितग्राहियों को योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने हितग्राहियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य 30 मार्च से पहले पूर्ण किया जाए। जिन हितग्राहियों द्वारा अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय सीमा में कार्य प्रारंभ नहीं होने पर संबंधित एसडीएम कार्यालय द्वारा नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ की बैठक

वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सीईओ ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक की। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नर्सरी स्थापना की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा कृषि एवं अन्य आजीविका गतिविधियों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### शासन ग्रामीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध : सीईओ

सीईओ प्रेमलता पद्माकर ने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा आवास निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन ग्रामीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# साजा में महिला मोर्चा का भव्य 'बजट संवाद' आत्मनिर्भर नारी पर विभा अवस्थी का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



नगर में पहली बार जिला भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा द्वारा बजट 2026–27 को लेकर भव्य महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया,अंबेडकर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में 300 से संख्या में महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं स्व-सहायता समूह की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया,कार्यक्रम का महत्व इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी का साजा नगर में यह प्रथम आगमन था,उनके मार्गदर्शन एवं जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी के नेतृत्व में बजट संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

बजट संवाद में रायपुर भाजपा के प्रभारी राजेंद्र शर्मा की विशेष मौजूदगी ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाया ,साथ ही नगरपंचायत उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महिला मोर्चा की विशेष आमंत्रित सदस्य श्रीमती प्रेरणा शौर्यजीत सिंह, साजा विधायक ईश्वर साहू की धर्मपत्नी सहित रायपुर से पधारे प्रदेश महिला मोर्चा से कार्यालय मंत्री मिली बनर्जी, सह कार्यालय मंत्री प्रतिज्ञा गुप्ता, सह कार्यालय मंत्री तिलेश्वरी धुरंधर, मीडिया सह-प्रभारी विद्या पांडे एवं सोशल मीडिया सह-प्रभारी डॉ. किरण सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

अपने ओजस्वी संबोधन में विभा अवस्थी ने कहा, "केंद्र और राज्य सरकार का बजट 2026–27 केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि यह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का रोडमैप है,स्वरोजगार, स्व-सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण, मातृ-स्वास्थ्य और पोषण के लिए किए गए प्रावधान महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत की धुरी बनाएंगे,भाजपा सरकार का संकल्प है – सशक्त महिला, समृद्ध समाज।

### हर महिला तक पहुंचे बजट की सही जानकारी

जिलाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा, "महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देना ही असली सशक्तिकरण है,हमारा लक्ष्य है कि बजट में महिलाओं के लिए जो भी प्रावधान किए गए हैं, उनकी जानकारी गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचे। जब महिला आर्थिक रूप से मजबूत होगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा।" अतिथि वक्ता अधिवक्ता कविता गोसाई एवं डॉ. शिखा साहू ने बजट 2026–27 में महिलाओं के हित में किए गए प्रावधानों, मातृ-स्वास्थ्य योजनाओं, पोषण अभियान, महिला उद्यमिता एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण और प्रशिक्षण योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पिंकी नेना, मनीषा शर्मा, सरोजनी यादव, इंद्राणी सिन्हा सहित जिला एवं मंडल की अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

**9वीं के छात्रों ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई**

# शासकीय हाईस्कूल मटका में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय हाई स्कूल मटका में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ससम्मान विदाई दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें व्याख्याता अरुणिका दीवान के निर्देशन में तैयार किया गया था।

इस अवसर पर सरपंच मनाराम साहू ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया से दूर रहकर मन लगाकर पढ़ाई करने और विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने का आह्वान किया। वहीं जनपद सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र यदु ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी, अनुशासन और परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही सर्वोच्च प्राथमिकता है। समारोह में विज्ञान विषय का निशुल्क अध्यापन कराने वाली तेजस्विनी साहू को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं 1100 रुपये की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।व्याख्याता गजानंद शर्मा ने समय के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ ब्लूप्रिंट के आधार पर क्रमबद्ध अध्ययन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं की छात्रा आंचल यादव एवं प्रेरणा साहू ने किया। समारोह में ग्राम पंचायत मटका के सरपंच मनाराम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुहन यदु, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र यदु, उपसरपंच भीष्मदेव यदु, विधायक प्रतिनिधि धन्नु साहू, प्राचार्य मीनाक्षी शर्मा सहित व्याख्याता सुरेंद्र कुमार गायकवाड, अरुणिका दीवान, गजानंद शर्मा, प्रभात सिंह, प्रदीप कुमार राजपूत एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


